प्रेस नोट

दिनांक 03.04.2025

नवरात्रि मेले के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निरीक्षण।

आज दिनांक 03.04.2025 श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना जलालपुर क्षेत्र के ग्राम भेड़ी जलालपुर स्थित मंदिर में नवरात्रि मेले के मद्देनजर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला परिसर में साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन, एवं सुरक्षा उपायों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस बल को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सुविधा एवं अग्निशमन उपायों की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण, कानून-व्यवस्था व यातायात सुचारू रखने हेतु पुलिसकर्मी सक्रिय रहें एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करें।